वुमलुनमांग वुअलनाम, भा.प्र.से.

सचिव
नागर विमानन मंत्रालय
भारत सरकार

अपील

भाषा विचारों एवं भावों को व्यक्त करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाषा उस राष्ट्र की अस्मिता, पहचान एवं एक महत्वपूर्ण अंग है। यही कारण है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की संविधान सभा ने राजभाषा के रूप में देश में ऐसी भाषा का चयन किया जो सबसे अधिक बोली और समझी जाती हो, और यह दर्जा हिंदी को दिया गया।

वैश्वीकरण एवं प्रौद्यौगिकी के इस युग में हिंदी की मांग दिन पर दिन बढ़ रही है। अतः राजभाषा के इस सम्मानजनक और शासकीय स्तर को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपना काम हिंदी में करें। हिंदी दिवस हमें हर वर्ष यह स्मरण कराता है कि हम अपनी राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग करें। अन्य भाषाओं का ज्ञान विकास की दिशा में निश्चय ही सहयोगी होता है परंतु जहां राष्ट्रीय गौरव अथवा अस्मिता का प्रश्न हो वहां हमें यह सम्मान अपनी राजभाषा को ही देना होगा।

इस वर्ष नागर विमानन मंत्रालय को राजभाषा विभाग द्वारा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह मंत्रालय के लिए बहुत ही गर्व का विषय है अतः हिंदी दिवस, 2024 के इस शुभ अवसर पर मेरी सभी पदाधिकारियों से अपील है कि आप अपना अधिकाधिक कार्य हिंदी में करें। इसके प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता का भाव रखें ताकि राजभाषा नीति संबंधी लक्ष्यों को पूरा करने के साथ-साथ हिंदी जन संपर्क का एक सर्वोत्कृष्ट माध्यम भी सिद्ध हो सके।

'हिंदी-दिवस, 2024' की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ।

वुमलुनमांग

(वुमलुनमांग वुअलनाम)